# ध्येय पथ

## सितम्बर 2024

## मासिक ई-पत्रिका





**सम्पादक**

श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला

श्री अभिनव त्रिपाठी


# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

## जंगल धूसड़, गोरखपुर

## एन.सी.सी. कैडेट्स भर्ती प्रक्रिया



02 सितम्बर को एन.सी.सी. विभाग के तत्वावधान में 45वीं यू.पी.एन.सी.सी. बटालियन की इकाई में नये कैडेट्स के चयन हेतु भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। भर्ती प्रक्रिया को महाविद्यालय के एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट श्री रमाकान्त दूबे बटालियन के सैन्य अधिकारी सूबेदार हरभाल सिंह, हवलदार रेशम साहनी एवं मित्रा के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।

## आशु भाषण प्रतियोगिता




02 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता शर्मा ने प्रथम स्थान, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अस्मिता सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सोनम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दीपशिखा नागवंशी ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




02 सितम्बर को गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में के.आई.पी.एम. कालेज, गीडा के मानव संसाधन विभाग के निदेशक डॉ. सत्यप्रकाश सिंह ने अपना उद्बोध ान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी श्री पप्पू कुमार गुप्ता ने किया।

## कैरम प्रतियोगिता




03 सितम्बर को शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 'कैरम प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक श्री किशन कुमार ने प्रथम स्थान, एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रिद्धि तिवारी ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री संघर्ष विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं श्री शैलेन्द्र सिंह ने किया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




03 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सोनम सिंह ने प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री वन्दना चौहान ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रीना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अवन्तिका पाठक ने किया।

## योगासन प्रतियोगिता



04 सितम्बर को शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.काम. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शिखा दुबे ने प्रथम स्थान, बी.काम. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अनामिका आनन्द एवं बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री किशन कुमार ने द्वितीय स्थान तथा बी.काम. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री दीपक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




04 सितम्बर को हिन्दी विभाग के तत्वावधान में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में सतीश चंद पी.जी. कॉलेज, बलिया, उ0प्र0 के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. आद्या द्विवेदी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता




04 सितम्बर को सामूहिक व्यक्तित्व विकास के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक सुश्री कीर्ति राय एवं श्री विवेक मौर्या ने प्रथम स्थान, श्री किशन कुमार एवं श्री अभिजीत चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शिवांगी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन सामूहिक व्यक्तित्व विकास प्रभारी श्रीमती दिव्या दुबे ने किया।

## मेंहदी प्रतियोगिता



04 सितम्बर को बी.एड्. विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कक्षा 6,7 व 8 में 'मेंहदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 की सुश्री प्रिया ने प्रथम स्थान, सुश्री अमृता ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 07 की सुश्री खुशबू ने प्रथम स्थान, सुश्री प्रियंका ने द्वितीय एवं सुश्री सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता




04 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अन्तर्गत पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सृष्टि प्रजापति ने प्रथम स्थान सुश्री अस्मिता सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अवन्तिका पाठक ने किया।

## प्राचार्य–शिक्षक बैठक



04 सितम्बर को प्राचार्य–शिक्षक मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रवेश–परीक्षा, अनुशासन, पठन–पाठन, आगामी राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारी बिन्दुओं पर चर्चा की।

## शपथ ग्रहण समारोह




5 सितम्बर को छात्रसंघ चुनाव में नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को छात्रसंघ प्रभारी श्री अनूप पाण्डेय द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयन्ती




05 सितम्बर को प्रार्थना सभा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता शर्मा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में बी.एड्. विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के अवसर पर कक्षा 6,7 व 8 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शिक्षक दिवस




05 सितम्बर को बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर 'शिक्षक आचरण एवं व्यवहार' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. शिवशरण दास ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का प्रकाशन व स्मृति चिन्ह भेंटकर आदर्श शिक्षक सम्मान से उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## निबन्ध लेखन प्रतियोगिता




05 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री पायल चौहान ने प्रथम स्थान, सुश्री प्रिया एन्ड्यूज ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री सलोनी मल्ल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

### पोस्टर प्रतियोगिता–



6 सितंबर को अंग्रेजी विभाग के द्वारा Healthy Eating and Nutrition, Youth activism, Health eating and nutrition, Literature : a reflection of society, The power of kindness, Water conversation tips and Clean water and sanitation विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री कल्पना ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री सुमित चौरसिया ने द्वितीय स्थान एवं बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।

### शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




6 सितंबर को गृह विज्ञान विभाग के द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अंतर्गत शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मुस्कान चौहान ने प्रथम स्थान, सुश्री निशा ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री शीतल वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 दीप शिखा नागवंशी ने किया।

**भारतीय वैश्विक परिषद, सप्रू, हाउस, नई दिल्ली एवं राजनीति विज्ञान विभाग, महाराणा प्रताप महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन** – 7 व 8 सितंबर को राजनीति विज्ञान विभाग एवं भारतीय वैश्विक परिषद, सम्प्रु हाउस, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम 2019 से अब तक' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई। राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पंडित दीनदयाल शोध पीठ काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के राजनीति विज्ञान के आचार्य प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स सप्रू, हाउस नई दिल्ली के प्रतिनिधि डॉ0 एफ0 आर0 सिद्दीकी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता माननीय कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की प्रोफेसर कविता शाह ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत बी.एड. विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने तथा कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिकेश यादव ने किया।






**प्रथम तकनीकी सत्र** – राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री इंद्रेश कुमार तथा सह अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय, नई दिल्ली के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रतीक कुमार सिंह ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 जितेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। इस सत्र में श्री रवि प्रताप नागवंशी, सुश्री श्रुति पाण्डेय, श्री अभिषेक सिंह, श्री श्रीवर्धन त्रिपाठी, सुश्री श्वेता शर्मा, श्री निमिश सिंह व सुश्री शीलू मिश्रा सहित कुल 7 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन डॉ सुधा शुक्ला तथा प्रतिवेदन डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।




**द्वितीय तकनीकी सत्र** – राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ अमित उपाध्याय ने किया तथा सह अध्यक्षता भगवंत पटेल पानमती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंद्रपुर, महाराजगंज के प्राचार्य डॉ0 कन्हैया सिंह ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में राजकीय महाविद्यालय, सुकरौली, कुशीनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ कृष्ण कुमार उपस्थित रहें। इस सत्र में डॉ0 दीपशिखा नागवंशी, सुश्री अनु सिंह, श्री आकाश गुप्ता, सुश्री आसना सिंह एवं श्री विवेक कुमार गुप्ता सहित कुल 5 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन डॉ0 आरती सिंह ने किया तथा प्रतिवेदन डॉ0 रमाकांत दुबे ने किया।




**तृतीय तकनीकी सत्र** – 8 सितंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने किया एवं सह अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दर्शन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संजय तिवारी ने किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह उपस्थित रहें। इस सत्र में डॉ0 आरती सिंह, श्री यशोवर्धन भट्ट, श्री आशीष कुमार पाण्डेय एवं सुश्री शीतल सहित कुल चार शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन श्री अभिनव त्रिपाठी ने किया तथा प्रतिवेदन डॉ0 दीपशिखा नागवंशी ने किया।



**चतुर्थ तकनीकी सत्र** – राष्ट्रीय संगोष्ठी के चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के पूर्व एमेरिट्स, राजनीति विज्ञान एवं मानवाधिकार विभाग के प्रो0 घनश्याम शर्मा ने किया एवं सह अध्यक्षता संत तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कादीपुर, सुल्तानपुर के प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक अचार्य डॉ0 सतीश कुमार सिंह ने किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में संत तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कादीपुर, सुल्तानपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री कीर्ति कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इस सत्र में श्री नंदन शर्मा, श्रीमती दिव्या दुबे, श्री अभिषेक त्रिपाठी, श्री अमित साहनी, श्री अजय प्रताप सिंह, सुश्री सोनम सिंह एवं सुश्री वर्तिका यादव सहित कुल 7 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन श्रीमती अर्चना गुप्ता ने किया तथा प्रतिवेदन सुश्री रितिका त्रिपाठी ने किया।



**समारोप समारोह** – 08 सितंबर को दो दिवसीय राष्ट्र संगोष्ठी के समारोप समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) आर.पी. शाही ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पूरी तथा विशिष्ट अतिथि सेंटर फॉर कैनेडियन, यूएस एण्ड लैटिन अमेरिकन स्टडीज (स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज) जेएनयू नई दिल्ली के प्रोफेसर अरविंद कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप राव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सलिल पाण्डेय ने किया।



**कैरियर सेमिनार** – 10 सितम्बर को वाणिज्य विभाग एवं इमार्टिकस लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कैरियर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इमार्टिकस लर्निंग संस्थान के समन्वयक श्री अभिषेक कुमार तथा वक्ता के रूप में इमार्टिकस लर्निंग के संस्थान के सह समन्वयक श्री सत्य प्रकाश सिंह ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग प्रभारी श्री नंदन शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।



**योग एवं शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम** – 10 सितंबर को बी0एड0 विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में योग एवं शारीरिक व्यायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 व 8 के सभी विद्यार्थी सम्मिलित रहे।




**महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं आचार्य विनोबा भावे जयंती** – 11 सितम्बर को प्रार्थना सभा में महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं आचार विनोबा भावे जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 आरती सिंह ने अपना विचार प्रस्तुत कर दोनों महान विभूतियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।




**उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता** – 11 सितंबर को सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत 'उदीयमान कवि गोष्ठी' (स्वरचित) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह ने प्रथम स्थान, बी0एड्0 तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापक सुश्री वंदना शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी0कॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र वंशदीप राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अनूप पाण्डेय ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 12 सितम्बर को प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा 'प्राचीन भारतीय इतिहास के मर्मज्ञ विद्वान : डा0 राधाकुमुद मुखर्जी' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के सहायक आचार्य डा0 विनोद कुमार ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डा0 सुबोध कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रख्यात राष्ट्रवादी इतिहासकार स्व0 सतीशचन्द्र मित्तल को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर विभागीय शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।




**हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता** – 12 सितम्बर को सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना के अन्तर्गत 'सामाजिक असमानता और भारतीय समाज' विषय पर हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एड0 तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापक सुश्री कीर्ति राय ने प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री गुंजीता शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।




**यतीन्द्रनाथ दास बलिदान दिवस** – 13 सितम्बर को प्रार्थना सभा में 'यतीन्द्रनाथ दास बलिदान दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए यतीन्द्रनाथ दास जी को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित की।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 13 सितम्बर को इतिहास विभाग के तत्वावधान में 'शोधपत्र–दशा व दिशा' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर की शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष श्रीमती निधि राय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री अनूप पाण्डेय ने किया।




**अग्रेंजी भाषण प्रतियोगिता** – 13 सितम्बर को सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना के अन्तर्गत "Waste to Best : Turning Trash into Treasure" विषय पर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 ग्रुप बी को प्रथम स्थान, बी0ए0 ग्रुप डी को द्वितीय स्थान तथा बी0काम0 ग्रुप ए को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती दिव्या दूबे ने किया।

**भाषण प्रतियोगिता** – 13 सितम्बर को अंग्रेजी विभाग द्वारा Artificial intelligence विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंजना दूबे ने प्रथम स्थान सुश्री अनुष्का सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी0काम0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री हर्षिता दूबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम**– 14 सितम्बर को हिन्दी विभाग के द्वारा 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो0 रामदरस राय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डा0 आरती सिंह ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 14 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'डाक सेवाओं का समर्थन' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ0 अभय श्रीवास्तव ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।




**निबन्ध प्रतियोगिता**– 14 सितम्बर को भूगोल विभाग के द्वारा 'विश्व ओजोन संरक्षण दिवस' की पूर्व संध्या के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सोनाक्षी गौड़ ने प्रथम स्थान, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री रामसजन कुमार ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रैना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 शालू श्रीवास्तव ने किया।



**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 14 सितम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'शोध प्रविधि' विषयक एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अभय श्रीवास्तव ने किया।




**पोस्टर प्रतियोगिता** – 17 सितम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा 'पोस्टर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर से सुश्री अंशिका सिंह ने प्रथम स्थान, श्री आशुतोष चौबे ने द्वितीय स्थान तथा श्री विक्रान्त सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर से सुश्री दीपा गौड़ ने प्रथम स्थान, सुश्री मानसी कन्नौजिया ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री सुहानी प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बी0एस–सी0 पंचम सेमेस्टर से सुश्री अंशिका सिंह ने प्रथम स्थान, सुश्री आकांक्षा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री पल्लवी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अभय श्रीवास्तव ने किया।




**हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** – 18 सितम्बर को सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना के अन्तर्गत हिन्दी विभाग के तत्वावधान में 'भारतीय संस्कृति का वैश्विक महत्व' विषय पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह ने प्रथम स्थान एवं श्री आशीष कुमार पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा बी0एस–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 आरती सिंह ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 19 सितम्बर को समाजशास्त्र विभाग के द्वारा 'सामाजिक स्तरीकरण का बदलता स्वरूप' विषयक एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बापू पी0जी0 कालेज, पीपीगंज, गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 राकेश प्रताप सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।



**संस्कृत भाषण प्रतियोगिता** – 19 सितम्बर को 'सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना' के अन्तर्गत हिन्दी विभाग के तत्वावधान में संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आशीष पाण्डेय ने प्रथम स्थान, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सत्या गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 आरती सिंह ने किया।




**ब्रम्हलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत ब्रम्हलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज पुण्यतिथि कार्यक्रम** – 20 सितम्बर को ब्रम्हलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि ए0पी0एन0 महाविद्यालय बस्ती के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ0 पृथ्वीराज सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल तथा प्रस्ताविकी डॉ0 सुबोध कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अर्चना गुप्ता ने किया।




**तारकेश्वर यादव भारतीय सेना में बने अग्निवीर** – महाविद्यालय के एन.सी.सी. के पूर्व कैडेट और रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के विद्यार्थी श्री तारकेश्वर यादव का भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। उनकी लगन, निष्ठा और कठोर परिश्रम के लिये महाविद्यालय के शिक्षकों और एन.सी.सी. प्रभारी **ले0 रमाकान्त दूबे** ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 20 सितम्बर को गणित एवं सांख्यिकी विभाक के तत्वावधान में **'टेन्सर अल्जेब्रा के मूलभूत सम्प्रत्य'** विषयक एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गाँधी पी०जी० कालेज, गोरखपुर के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 उमेश कुमार गुप्ता ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन भी पप्पू कुमार गुप्ता ने किया।



**वृक्षारोपण कार्यक्रय** – 21 सितम्बर को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विभाग के अभिगृहीत ग्राम रामपुर में 'एक पेड़ लगाओं जीवन बचाओं, कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती दिव्या दूबे ने किया।




**छात्रसंघ कार्यकारिणी बैठक** – 22 सितम्बर को छात्र संघ कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने छात्र संघ कार्यकारिणी के अधिकार, कर्तव्य तथा महाविद्यालय में सहभागिता पर प्रकाश डाला। छात्रसंघ प्रभारी श्री अनूप पाण्डेय ने छात्रसंघ के उद्देश्यों को बताते हुए विभिन्न समितियों के गठन की प्रक्रिया को संदर्भित किया।




**वृक्षारोपण कार्यक्रम** – 23 सितम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'विज्ञान प्रदर्शिनी' का आयोजन किया गया। प्रदर्शिनी में बी.एस.–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दीया गोंड के प्रदर्शनी को प्रथम स्थान, सुश्री सुहानी प्रजापति के प्रदर्शनी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री मानसी कन्नौजिया के प्रदर्शनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 रघुवीर नारायण सिंह ने किया।




**राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस** – 24 सितम्बर को 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के समन्वयक डॉ0 सत्यपाल सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नंदन शर्मा ने किया तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आरती सिंह ने किया।



**साइकिल रैली** – 24 सितम्बर को 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारम्भ दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।



**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 25 सितम्बर को 45 वीं यू0पी0 एन.सी.सी. बटालियन की इकाई द्वारा 'नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन और आभा कार्ड' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन लेफ्टिनेंट रमाकांत दूबे ने किया।




**वाद विवाद प्रतियोगिता** – 25 सितम्बर को अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में "Do you need to have a college degree to get a good Job" विषयक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शेक्सपियर ग्रुप को प्रथम स्थान तथा वर्ड्सवर्थ ग्रुप को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।




**शोध व्याख्यान प्रतियोगिता** – 25 सितम्बर को प्राणी विज्ञान विभाग के द्वारा 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह ने प्रथम स्थान, सुश्री आकांक्षा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री पल्लवी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 शिवकुमार ने किया।






**ईश्वरचंद विद्यासागर जयंती** – 26 सितम्बर को प्रार्थना सभा में ईश्वरचंद विद्यासागर जयन्ती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आशीष पाण्डेय ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की तरफ से हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।



**कर्मचारी संघ चुनाव** – 26 सितम्बर को महाविद्यालय में कर्मचारी संघ चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव के अध्यक्ष पद पर श्री आशीष यादव अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री राम लगन से 8 मतों से विजयी रहे, उपाध्यक्ष पद पर श्री विनोद कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री रवि कुमार से कुल 7 मतों से विजयी रहे तथा महामंत्री पद पर श्री जोगिन्दर कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्रीमती गुड़िया देवी से कुल 5 मतों से विजयी रहे। प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव एवं चुनाव अधिकारी श्री नंदन शर्मा ने विजित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 26 सितम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'डिजिटल टेक्सोनामी ई–फ्लोरा' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में एशियन इण्टरनेशनल विश्वविद्यालय, मणिपुर के सहायक आचार्य डॉ0 शोभित कुमार श्रीवास्तव ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।




**शैक्षिक प्रदर्शनी** – 26 सितम्बर को प्राणी विज्ञान विभाग के द्वारा शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बी.एस–सी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री आकांक्षा शर्मा के प्रदर्शनी को प्रथम स्थान, सुश्री शिवांगी मिश्रा के प्रदर्शनी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री के प्रदर्शनी को तृतीय स्थान एवं श्री आयशा के प्रदर्शनी को चतुर्थ स्थान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 रघुवीर नारायण सिंह ने किया।

**सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** – 26 सितम्बर को रोवर्स–रेंजर्स के तत्वावधान में 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आदित्य कुमार को प्रथम स्थान, बी0एस.–सी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रीया साहनी को द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सलोनी निषाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।




**राजा राममोहन राय पुण्यतिथि** – 27 सितम्बर को प्रार्थना सभा में राजा राममोहन राय के पुण्यतिथि के अवसर पर बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह ने राजा राममोहन राय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि प्रदान की।



**शिक्षक संघ चुनाव** – 30 सितम्बर को महाविद्यालय में शिक्षक संघ चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव में शिक्षक डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल अध्यक्ष, डॉ. आरती सिंह, उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल, महामंत्री तथा श्री अरविन्द कुमार मौर्य तथा कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान की।



**हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** – 30 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह ने प्रथम स्थान एवं श्री आशीष पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।



# समाचार पत्रों में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम

amarujala.com
गोरखपुर | रविवार, 1 सितंबर 2024
8

## वंशदीप निर्विरोध अध्यक्ष बने बाकी पदों पर परिणाम आज



छात्रसंघ चुनाव में योग्यता भाषण देती प्रियंका गुप्ता। संवाद

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में शनिवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए गए स्वदेशी सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल से मतदान शाम छह बजे शुरू हुई और रात नौ बजे तक हुई। अध्यक्ष पद के एकमात्र पहले ही निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जबकि, उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी प्रियंका का पर्चा अवैध पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया, अब इस पद के लिए मतदान तीन सितंबर को होगा।

कॉलेज के प्राचार्य एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप राव ने बताया कि महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री पद पर दो-दो प्रत्याशियों के लिए मतदान



सर्वोच्च अंक हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले महाराणा प्रताप महाविद्यालय के विद्यार्थी को पुरस्कृत करते डॉ. शिवकुमार बर्नवाल। संवाद

## मेडल जीतने वालों का सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी।

**परास्नातक भूगोल विषय के दीपचंद व कमलेश को दीक्षांत समारोह में मिला गोल्ड मेडल**

गोरखपुर। कॉलेज के परास्नातक भूगोल विषय के दीपचंद एवं परास्नातक प्राचीन इतिहास विभाग के कमलेश साहनी को गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षांत समारोह के मंच से शुक्रवार को कुलाधिपति आनंदबेन पटेल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ।

ने शनिवार को परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें पुरातन छात्र परिषद प्रभारी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने दोनों मेधावियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्व

हिन्दुस्तान
गोरखपुर
रविवार
1 सितंबर 2024
02

### कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए शाम छह बजे शुरू हुआ ऑनलाइन मतदान, रात नौ बजे हुआ सम्पन्न

## एमपी पीजी के निर्विरोध अध्यक्ष बने वंशदीप

**मनोनयन**

- महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री के लिए दो-दो प्रत्याशी, उपाध्यक्ष पद का पर्चा खारिज
- मतदान से पहले योग्यता भाषण में प्रत्याशियों ने दिखाया अपना दमखम

गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव के लिए शाम छह बजे शुरू हुआ ऑनलाइन मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात नौ बजे संपन्न हो गया। अब परिणाम का इंतजार है। अध्यक्ष पद के एकमात्र प्रत्याशी वंशदीप राय को चुनाव से पहले ही निर्विरोध चुना गया। महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री पद पर दो-दो प्रत्याशियों के लिए मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

महायोगी गोरखनाथ विवि द्वारा तैयार किए पूर्ण रूप से स्वदेशी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल पहली बार ऑनलाइन हो रहे छात्रसंघ चुनाव में किया जा रहा है। मतदान से पहले शनिवार की दोपहर योग्यता भाषण प्रक्रिया चली, जिसमें जोशीला भाषण देकर प्रत्याशियों ने अपना दमखम दिखाया और अपने पक्ष में मतदान के लिए विद्यार्थियों का दिल जीतने की कोशिश की। भाषण के दौरान प्रत्याशियों ने महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ पठन-पाठन के लिए उत्तम व्यवस्था, स्मार्ट क्लास की संख्या बढ़ाने के प्रयास आदि को चुनावी मुद्दा बनाया। वाटर कूलर की संख्या बढ़ाए जाने, पुस्तकालय में अधिक से अधिक अद्यतन किताब उपलब्ध कराने और ई-लाइब्रेरी की उपयोगिता बढ़ाए जाने पर भी प्रत्याशियों ने चर्चा की। संचालन डॉ सलिल पांडेय ने किया।



शनिवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव के दौरान योग्यता भाषण देती प्रत्याशी प्रियंका। • हिन्दुस्तान




एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ में छात्रों ने इस तरह किया ऑनलाइन मतदान।

योग्यता भाषण से पहले निर्धा समय सीमा के भीतर किसी प्रत्य ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। में चुनाव अधिकारी डॉ प्रदीप कु राव ने प्रत्याशियों के सभी पर्चो जांच की।

जांच के दौरान उपाध्यक्ष प एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध गया और उसे निरस्त कर दिया इस पद के लिए पुनर्मतदान सितंबर को होगा।

गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता दी एवं कमलेश साहनी सम्मा कॉलेज के परास्नातक भूगो दीपचन्द एवं परास्नातक प्र इतिहास विभाग के कमलेश स ने डीडीयू की परीक्षाओं में टॉ रूप में कुलाधिपति के हाथों पदक प्राप्त किया था। इन विद्यार्थियों को पुरातन छात्र प्रभारी डॉ शिव कुमार बर्नव सम्मानित किया।

सहारा | गोरखपुर | रविवार • 1 सितम्बर • 2024

# एमपीपीजी कालेज़ के छात्रसंघ का चुनाव ऑनलाइन संपन्न

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी) जंगल धूसड़ का छात्रसंघ चुनाव शनिवार को ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुआ। चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर एक प्रत्याशी, महामंत्री पद पर 02 एवं पुस्तकालय मंत्री पद पर 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। मतदान के पूर्व प्रत्याशियों ने अपने योग्यता भाषण से मतदाता छात्रों को प्रभावित करने की पूरी कोशिश की। जबकि उपाध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का पर्चा जांच में अवैध पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया। इस पद के लिए पुर्नमतदान 03 सितंबर 2024 को होगा।

बता दें कि एमपीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया शुक्रवार से ही जारी है। इस बार का छात्रसंघ चुनाव महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बने सॉफ्टवेयर से ऑनलाइन संपन्न कराया गया। योग्यता भाषण के पूर्व निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया, जिसके उपरांत चुनाव अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रत्याशियों के सभी पर्चों की जांच की। जाँच के दौरान उपाध्यक्ष पद के एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध पाया गया और उसे निरस्त किया गया। इस पद के लिए पुर्नमतदान 03 सितम्बर 2024 को होगा।

इसके पश्चात योग्यता भाषण का आयोजन किया गया। योग्यता भाषण ही छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रचार का एकमात्र माध्यम है। इस प्रकार से अध्यक्ष पद पर 01, महामंत्री पद पर 02 और पुस्तकालय मंत्री पद हेतु 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। चुनाव अधिकारी डॉ. राव ने मतदान के सम्बन्ध में शिक्षकों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिसके बाद मतदान की प्रक्रिया सायं 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुई।

- रात्रि 9 बजे तक हुआ ऑनलाइन मतदान
- अध्यक्ष पद के 01, महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री के दो-दो प्रत्याशी रहे मैदान में
- रात्रि 11 बजे वेबसाइट पर जारी हुआ परिणाम

योग्यता भाषण में छात्रसंघ प्रत्याशियों ने महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ पठन-पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि छात्रसंघ कैसे महाविद्यालय के रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें तथा इस दिशा में निरन्तर प्रयास करते रहे। वस्तुतः महाविद्यालय में प्रोजेक्टर का समुचित उपयोग करते हुए स्मार्ट क्लास की संख्या में वृद्धि की जायेगी। कैंटीन को अधिक सुव्यवस्थित करने, छात्रों के लिए अलग से शुद्ध पेय जल हेतु वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने, पुस्तकालय में सभी विषयों की पर्याप्त पुस्तकें व संदर्भ ग्रन्थ उपलब्धता को सुनिश्चित करने, क्रीड़ा सम्बन्धी सुविधाएं इत्यादि के बारे में बात की।

इसके उपरांत महामंत्री पद के लिए सुश्री प्रियंका गुप्ता, पुस्तकालय मंत्री पद के लिए सुमित चौरसिया एवं विवेक कुमार मौर्या ने विद्यार्थियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डा. सलिल कुमार पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में छात्रसंघ प्रभारी अनूप पाण्डेय सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज
गोरखपुर, रविवार ८ सितम्बर, २०२४

# 2019 के बाद की विदेश नीति ने बनाया भारत को प्रगतिशील - प्रो. तेज प्रताप सिंह

गोरखपुर, 7 सितंबर। समन्वयक, पं. दीनदयाल शोध पीठ काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के राजनीति विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. तेज प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय विदेश नीति का लक्ष्य राष्ट्रीय हित है और राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में विदेश नीति एक महत्वपूर्ण साधन है। पहले भारत में गुटनिरपेक्ष की नीति रहती थी परन्तु अब मुद्दों पर आधारित सहयोग की संकल्पना पर हम काम करते है जिसका परिणाम यह है कि हम शत्रु के साथ भी समझौता कर सकते है। उदाहरण स्वरूप हम चीन के साथ विश्व व्यापार संगठन, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दो पर एक साथ रहते हैं। प्रो. सिंह शनिवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम - 2019 से अब तक' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग तथा भारतीय वैश्विक परिषद, सप्रू हाउस, नई दिल्ली की तरफ से आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम बिना किसी दबाव के रूस से तेल आयात कर रहे हैं तथा ईरान के चाबहार बन्दरगाह को संचालित कर रहे है। पूर्व में जहाँ नेहरू की विदेश नीति पंचशील पर आधारित थी वहीं प्रधानमंत्री मोदी जी की विदेश नीति पंचामृत पर आधारित है जो 2019 से अबतक विदेश नीति के प्रगतिशील पक्ष की परिचायक है।



**भारतीय विदेश नीति, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में प्रगाढ़ता का परिचायक - प्रो. कविता शाह-** राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की प्रो. कविता शाह ने कहा कि भारतीय विदेश नीति की संकल्पना 'वसुधैव कुटुम्बकम' में है। जब भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा था तो यह हमारे विदेश नीति की सफलता थी कि हम विश्व के सभी देशों का नेतृत्व कर रहे थे। भारत ने जी-20 के द्वारा अपने प्रगतिशील विचारो से विश्व को अवगत कराया। भारतीय विदेश नीति में 2019 से अब तक जो परिवर्तन आये हैं उनमें अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों मे सुदृढ़ीकरण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन, मजबूत अर्थ व्यवस्था के रूप मे दिखायी देती है। प्रो. शाह ने यह भी कहा कि प्राचीन काल से पूरी दुनिया में भारत की एक अलग पहचान थी।

**भारतीय विदेश नीति, भारत का ही नहीं बल्कि एशिया का मार्गदर्शक - डॉ. एफ. आर. सिद्दीकी-** संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिनिधि, इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, सप्रू हाउस, नई दिल्ली के डॉ. एफ. आर. सिद्दीकी ने भारतीय वैश्विक परिषद के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय विदेश मंत्रालय, विदेश नीति का निर्माता है। इसके अतिरिक्त भारतीय वैश्विक परिषद भारत का ही नहीं बल्कि एशिया का प्रथम थिंक टैंक है। इस परिषद में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों द्वारा अनुसंधान होता है। भारतीय वैश्विक परिषद में चीन से लेकर मलेशिया तक के राष्ट्राध्यक्षों को अपने कार्यक्रम में सम्मिलित कर चुका है। कार्यक्रम का संचालन संगोष्ठी के सह-संयोजक, महाराणा प्रताप महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हरिकेश यादव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रमुख विद्वान, शोधार्थी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

❖ महाराणा प्रताप महाविद्यालय में भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम 2019 से अबतक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**मोदी सरकार स्थिर और मजबूत विदेश नीति के दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक - इन्द्रेश कुमार-** संगोष्ठी में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष इन्द्रेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम से सम्बन्धित कई शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सत्र की अध्यक्षता करते हुए इन्द्रेश कुमार ने कहा कि 2019 के बाद भारतीय विदेश नीति के समग्र अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार स्थिर और मजबूत विदेश नीति के दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस सत्र के विषय विशेषज्ञ बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जितेन्द्र मिश्र ने कहा भारत जब आजाद हुआ तो नेहरू जी ने आदर्शवादी, गुटनिरपेक्ष विदेशी नीति अपनायी जबकि मोदी शासन ने अपने विदेश नीति में यथार्थवाद पर बल दिया। भारतीय विदेश नीति पारम्परिक व गैर पारम्परिक मुद्दों पर भी ध्यान आकृष्ट करने के साथ अन्तर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों को भी महत्व दिया है। सह-अध्यक्षता मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय, नई दिल्ली के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रतीक कुमार सिंह ने किया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय विदेश नीति कठोर एवं लचीली दोनों है जो वर्तमान में अग्रणी शक्ति के रूप मे वैश्विक एजेण्डा तैयार कर रही है। प्रतिवेदक की भूमिका महाविद्यालय के समाज शास्त्र के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने निभाया जबकि संचालन, हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला ने किया। तकनीकी सत्र में रवि प्रताप नागवंशी, श्रुति पाण्डेय, अभिषेक सिंह, श्रीवर्धन त्रिपाठी, श्वेता शर्मा, निमिष सिंह, शीलू मिश्रा इत्यादि ने अपना शोधपत्र वाचन किया।

**भारतीय विदेश नीति की तरफ दुनिया की नजर - डॉ. अमित उपाध्याय-** दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित उपाध्याय ने किया। डॉ. उपाध्याय ने कहा 2019के बाद भारतीय विदेश नीति की तरफ दुनिया की नजर है क्योंकि अब हम फार्मेसी, इनोवेशन और शोध में दुनिया में मानक स्थापित किए है। मोदी के नेतृत्व में भारत अधिक व्यापक रूप में "ग्लोबल साउथ" मे शामिल हुआ है। इस सत्र में विषय विशेषज्ञ राजकीय महाविद्यालय, सुकरौली कुशीनगर में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति 2019 के बाद भारतीय जनमानस में व्यापक परिवर्तन दिखायी दिया है और इसके ठोस वित्तीय लाभ हम सब को प्राप्त हुए है। प्रतिवेदक की भूमिका महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. रमाकान्त दूबे ने निभाया जबकि संचालन, हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपशिखा नागवंशी, अनु सिंह, आकाश गुप्ता, आसना सिंह एवं विवेक कुमार गुप्ता सहित शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने शोधपत्रो को प्रस्तुत किया।

अमर उजाला
गोरखपुर | सोमवार, 9 सितंबर 2024
6

# आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता : मंजीव पुरी

## एमपीपीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने कहा कि आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता है। आज का भारत किसी भी देश की घुड़कियों या धमकियों की परवाह नहीं करता। भारत की विदेश नीति सशक्त हो चुकी है। लिहाजा आज के दौर में कोई भी देश भारत पर दबाव बनाकर कुछ भी नहीं करा सकता।

मंजीव पुरी रविवार को महाराणा प्रताप पीजी (एमपीपीजी) कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम : 2019 से अब तक' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के मजबूत होने के लिए आर्थिक मजबूती बहुत जरूरी है। वैश्विक स्तर पर धाक जमाने में मजबूत हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा योगदान है।



महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते मंजीव पुरी साथ में प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप राव व अन्य। संवाद

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरपी शाही ने कहा कि विगत कुछ सालों में भारत ने अपनी विदेश नीति को समयानुकूल और त्वरित प्रतिक्रियावादी बनाया है। यही वजह है कि आज जब दुनिया के किन्हीं भी दो देशों के बीच टकराव की स्थिति आती है तो पूरा विश्व चाहता है कि इस टकराव को रोकने की पहल भारत करे।

विशिष्ट अतिथि सेंटर फॉर कैनेडियन, यूएस एंड लैटिन अमेरिकन स्टडीज (स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज) जेएनयू नई दिल्ली के प्रो. अरविंद कुमार ने भारत की विदेश नीति में आए क्रमिक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। अतिथियों का स्वागत करते हुए महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

सत्रों की रिपोर्ट महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हरिकेश यादव ने प्रस्तुत की। संचालन डॉ. सलिल कुमार पांडेय ने किया।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
गोरखपुर, रविवार, 8 सितंबर 2024
05

# प्राचीन काल से भारत की दुनिया में है अलग पहचान : प्रो. कविता शाह

**संगोष्ठी**

- एमपी पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- राष्ट्रीय हितों की प्राप्ति में विदेश नीति महत्वपूर्ण साधन : प्रो. टीपी सिंह
- भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

गोरखपुर, निज संवाददाता। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु की प्रो. कविता शाह ने कहा कि भारतीय विदेश नीति की संकल्पना 'वसुधैव कुटुम्बकम' में है। प्राचीन काल से पूरी दुनिया में भारत की एक अलग पहचान थी। भारत पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते हुए विश्व गुरु रहा है और भविष्य में भी विश्वगुरु रहेगा।

प्रो. कविता शनिवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम : 2019 से अब तक' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश नीति में 2019 से अब तक जो परिवर्तन आए हैं उनमें अंतरराष्ट्रीय सम्बंधों में सुदृढ़ीकरण, एनईपी का क्रियान्वयन, मजबूत अर्थ व्यवस्था के रूप में दिखाई देती है।

मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पं. दीनदयाल शोध पीठ के समन्वयक व राजनीति विज्ञान के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय विदेश नीति का लक्ष्य राष्ट्रीय हित है और राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में विदेश नीति एक महत्वपूर्ण साधन है। पहले भारत में गुटनिरपेक्ष की नीति रहती थी लेकिन अब मुद्दों पर आधारित सहयोग की संकल्पना पर हम काम करते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, सप्रू हाउस, नई दिल्ली के डॉ. एफआर सिद्दीकी ने भारतीय वैश्विक परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज की उप प्राचार्य शिप्रा सिंह ने कहा कि इस संगोष्ठी में देश भर के विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। संचालन हरिकेश यादव ने किया।

**तकनीकी सत्रों का भी हुआ आयोजन :** संगोष्ठी के तहत प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष इन्द्रेश कुमार ने की। दूसरे सत्र की अध्यक्षता डीडीयू में राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. अमित उपाध्याय ने की। इन सत्रों को डॉ. प्रतीक सिंह, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. कन्हैया सिंह, डॉ. रमाकान्त दूबे व डॉ. आरती सिंह ने भी संबोधित किया।

हिन्दुस्तान गोरखपुर, सोमवार, 9 सितंबर 2024 06

महाराणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

# आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता : मंजीव

गोरखपुर, निज संवाददाता। नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने कहा कि किसी भी देश के मजबूत होने के लिए आर्थिक मजबूती बहुत जरूरी है। वैश्विक स्तर पर धाक जमाने में मजबूत हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा योगदान है। जिसकी जितनी जीडीपी, वह उतना अधिक शक्तिशाली। इस फॉर्मूले पर भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

मंजीव पुरी रविवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम : 2019 से अब तक' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता है। आज का भारत किसी भी देश की घुड़कियों या धमकियों की परवाह नहीं करता है। भारत की विदेश नीति इतनी ताकतवर हो चुकी है कि आज के दौर में कोई भी देश भारत पर दबाव बनाकर कुछ नहीं करा सकता।

अध्यक्षता करते हुए उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरपी शाही ने कहा कि विगत कुछ सालों में भारत ने अपनी विदेश नीति को समयानुकूल और त्वरित प्रतिक्रियावादी बनाया है। पाकिस्तान के खिलाफ जब सर्जिकल स्ट्राइक की गई तब भारत की कूटनीति इतनी शानदार थी कि किसी भी ताकतवर देश ने भारत के खिलाफ प्रतिक्रिया करने का साहस नहीं किया।

विशिष्ट अतिथि जेएनयू, नई दिल्ली के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के प्रो. अरविंद कुमार ने कहा कि भारत को अपने पड़ोस में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चुनौतियों के अनुरूप ही भारत ने अपनी विदेश नीति और कूटनीति (डिप्लोमेसी) में परिवर्तन किया है। चीन की विस्तारवादी नीतियों को करारा जवाब देते हुए भारत ने उसे पिछले कुछ सालों में टेबल टाक (संवाद) के लिए विवश किया है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरिकेश यादव, डॉ. सलिल पांडेय, प्रमथनाथ मिश्र, प्रो. तेज प्रताप सिंह, डॉ. श्रीभगवान सिंह, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. सत्यपाल सिंह, डॉ. आमोद राय, डॉ. उग्रसेन सिंह, डॉ. घनश्याम शर्मा, डॉ. अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में संगोष्ठी में बोलते पूर्व राजदूत मंजीव पुरी।

## विदेश नीति में आगे बढ़ रहा भारत : प्रो. घनश्याम

गोरखपुर। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के राजनीति विज्ञान एवं मानवाधिकार विभाग के पूर्व एमेरिटस प्रो. घनश्याम शर्मा ने कहा कि इस विदेश नीति में आदर्शों, संस्कृति और मूल्यों का समावेश कर आगे बढ़ रहे हैं। विषय विशेषज्ञ संत तुलसीदास पीजी कॉलेज, सुल्तानपुर के राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. पांडेय ने आर्थिक विकास भारत के विदेश नीति के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में एक है।

## पूर्व राजदूत ने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया

गोरखपुर, निज संवाददाता। नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के राजदूत रहे मंजीव पुरी ने रविवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में भाग लेने के बाद गोरखनाथ मंदिर का दौरा किया। उन्होंने मुख्य मंदिर में बाबा गोरखनाथ के सामने मत्था टेका और संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद चतुर्वेदी के माध्यम से विधिवत दर्शन-पूजन कराया।

मंदिर प्रबंधन ने पूर्व राजदूत का स्वागत किया और मुख्य पुजारी कमलनाथ ने उन्हें 'राष्ट्रीयता के अनन्य साधक महंत अवेद्यनाथ' स्मृति ग्रंथ भेंट किया। मंजीव पुरी ने मंदिर का प्रसाद ग्रहण किया और नेपाल में अपने कार्यकाल के दौरान गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा की यादें ताजा कीं। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव भी मौजूद रहे।


पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने गोरखनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन।

---

दैनिक जागरण गोरखपुर, 9 सितंबर, 2024 www.jagran.com

# भारत में विश्व को अपने अनुरूप संचालित करने की क्षमता

- महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन
- इंडिया फर्स्ट के उद्देश्य को केंद्र में रख कर आगे बढ़ रही है भारत की विदेश नीति : आरपी शाही

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के राजदूत रह चुके मंजीव पुरी का कहना है कि भारत की विदेश नीति इतनी सशक्त हो चुकी है कि कोई भी देश भारत पर दबाव बनाकर कुछ नहीं करा सकता। आज का भारत किसी भी देश की धमकियों की परवाह नहीं करता है। इस भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता है।

पूर्व राजदूत रविवार को महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में आयोजित 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम : 2019 से अब तक' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

संगोष्ठी के प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि विदेश नीति के मुद्दे पर देश में मजबूती और बदलाव का यह दौर पिछले 10 वर्षों में सशक्त नेतृत्व के चलते आया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के मजबूत होने के लिए आर्थिक मजबूती बहुत जरूरी है। वैश्विक स्तर पर धाक जमाने में मजबूत हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा योगदान है।



राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व राजदूत मंजीव पुरी, मंचासीन डा. आरपी शाही, प्रो. अरविंद कुमार व डा. प्रदीप कुमार राव • सौ. कालेज प्रबंधन

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आरपी शाही ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में भारत ने अपनी विदेश नीति को समयानुकूल और त्वरित प्रतिक्रियावादी बनाया है। यही वजह है कि आज जब दुनिया के किन्हीं भी दो देशों के बीच टकराव की स्थिति आती है तो पूरा विश्व चाहता है कि इसको रोकने की पहल भारत करे। विशिष्ट अतिथि स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज जेएनयू नई दिल्ली के आचार्य प्रो. अरविंद कुमार ने भारत की विदेश नीति में आए क्रमिक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों की रिपोर्ट हरिकेश यादव ने प्रस्तुत की। संचालन डा. सलिल कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर प्रमथनाथ मिश्र, प्रो. तेज प्रताप सिंह, डा. श्रीभगवान सिंह, डा. अविनाश प्रताप सिंह, डा. सत्यपाल सिंह, डा. आमोद राय, डा. उग्रसेन सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने की गुरु गोरक्षनाथ की पूजा

गोरखपुर : नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के राजदूत रहे मंजीव पुरी रविवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की। गुरु गोरखनाथ संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अरविंद चतुर्वेदी ने उन्हें विधि-विधान से दर्शन-पूजन कराया। मुख्य पुजारी योगी कमलनाथ ने उन्हें 'राष्ट्रीयता के अनन्य साधक महंत अवेद्यनाथ' स्मृति ग्रंथ भेंट किया। मंदिर प्रबंधन के लोगों के साथ बातचीत में मंजीव पुरी ने नेपाल में अपने कार्यकाल के दौरान और उस दौर में हुई गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा की स्मृतियां ताजा कीं। इस दौरान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव भी मौजूद रहे।

---

आज ,सोमवार ०९ सितम्बर २०२४ २

# भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता- मंजीव पु

गोरखपुर, 8 सितंबर। नेपाल, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव पुरी ने कहा कि आज के भारत में विश्व को अपने अनुरूप चलाने की क्षमता है। आज का भारत किसी भी देश की घुड़कियों या धमकियों की परवाह नहीं करता है। भारत की विदेश नीति इतनी सशक्त हो चुकी है आज के दौर में कोई भी देश भारत पर दबाव बनाकर कुछ लोग करा सकता।

मंजीव पुरी रविवार को महाराणा प्रताप पीजी (एमपीपीजी) कॉलेज जंगल-धूसड़ में आयोजित 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम 2019 से अब तक' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह (समारोप) को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी के प्रतिभागियों के साथ दोतरफा संवाद करने के अंदाज में श्री पुरी ने कहा कि विदेश नीति के मुद्दे पर देश में मजबूती और बदलाव का यह दौर पिछले दस वर्षों में सशक्त नेतृत्व के चलते आया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन



प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरपी शाही ने कहा कि विगत कुछ सालों में भारत ने अपनी विदेश नीति को समयानुकूल और त्वरित प्रतिक्रियावादी बनाया है। यही वजह है कि आज जब दुनिया के किन भी दो देशों के बीच टकराव की स्थि आती है तो पूरा विश्व चाहता है कि इ टकराव को रोकने की पहल भारत क समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि सें फॉर कैनेडियन, यूएस एंड लैटि अमेरिकन स्टडीज (स्कूल ऑ इंटरनेशनल स्टडीज) जेएनयू नई दि के प्रोफेसर अरविंद कुमार ने भारत व विदेश नीति में आए क्रमिक परिवर्तन व विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय संगोष्ठी समापन समारोह में अतिथियों व स्वागत करते हुए महाराणा प्रताप पी कॉलेज जंगल धूसड़ के प्राचार्य ड प्रदीप कुमार राव ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। दो दिन तक चल संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों की रिपो महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में राजनी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हरिकेश याद ने प्रस्तुत की जबकि संचालन सहायक आचार्य डॉ. सलिल कुमार पांडेय किया।

---

amarujala.com

गोरखपुर | शनिवार, 14 सितंबर 2024 7

# 'शोध में विषय की तर्कों के साथ स्पष्ट प्रस्तुति आवश्यक'

गोरखपुर। द्विग्विजयनाथ पीजी कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष निधि राय ने कहा कि शोध पत्र किसी विषय पर शोध और विश्लेषण के आधार पर तर्क प्रस्तुत करने का विवरण है। उन्होंने अपने विचार प्रकट क ते हुए कहा कि शोध में विषय को तर्कों के साथ स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना चाहिए।

संगोष्ठी के दौरान निधि राय ने कहा कि शोध एक संगठित प्रक्रिया है जिसमें विषय विशेष जांच करना, जानकारी एकत्र कर निष्कर्ष को सुरक्षित करना शामिल है। वर्तमान समय में शोध से संबंधित विसंगतियां देखने को मिलती हैं, जिससे शोधार्थी को बचना चाहिए। वे महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित "शोधपत्र : दशा व दिशा" विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। व्याख्यान का संयोजन इतिहास विभाग के अध्यक्ष अनूप पांडेय व संचालन डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में स्नातक व परास्नातक के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। संवाद

सहारा | गोरखपुर । रविवार • 1 सितम्बर • 2024

# एमपीपीजी कालेज के छात्रसंघ का चुनाव ऑनलाइन संपन्न

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी) जंगल धूसड़ का छात्रसंघ चुनाव शनिवार को ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुआ। चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर एक प्रत्याशी, महामंत्री पद पर 02 एवं पुस्तकालय मंत्री पद पर 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। मतदान के पूर्व प्रत्याशियों ने अपने योग्यता भाषण से मतदाता छात्रों को प्रभावित करने की पूरी कोशिश की। जबकि उपाध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का पर्चा जांच में अवैध पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया। इस पद के लिए पुर्नमतदान 03 सितंबर 2024 को होगा।

बता दें कि एमपीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया शुक्रवार से ही जारी है। इस बार का छात्रसंघ चुनाव महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बने सॉफ्टवेयर से ऑनलाइन संपन्न कराया गया। योग्यता भाषण के पूर्व निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नही लिया, जिसके उपरांत चुनाव अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रत्याशियों के सभी पर्चों की जांच की। जाँच के दौरान उपाध्यक्ष पद के एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध पाया गया और उसे निरस्त किया गया। इस पद के लिए पुर्नमतदान 03 सितम्बर 2024 को होगा।

इसके पश्चात योग्यता भाषण का आयोजन किया गया। योग्यता भाषण ही छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रचार का एकमात्र माध्यम है। इस प्रकार से अध्यक्ष पद पर 01, महामंत्री पद पर 02 और पुस्तकालय मंत्री पद हेतु 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। चुनाव अधिकारी डॉ. राव ने मतदान के सम्बन्ध में शिक्षकों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिसके बाद मतदान की प्रक्रिया सायं 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुई।

- रात्रि 9 बजे तक हुआ ऑनलाइन मतदान
- अध्यक्ष पद के 01, महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री के दो-दो प्रत्याशी रहे मैदान में
- रात्रि 11 बजे वेबसाइट पर जारी हुआ परिणाम

योग्यता भाषण में छात्रसंघ प्रत्याशियों ने महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ पठन-पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि छात्रसंघ कैसे महाविद्यालय के रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें तथा इस दिशा में निरन्तर प्रयास करते रहे। वस्तुतः महाविद्यालय में प्रोजेक्टर का समुचित उपयोग करते हुए स्मार्ट क्लास की संख्या में वृद्धि की जायेगी। कैंटीन को अधिक सुव्यवस्थित करने, छात्राओं के लिए अलग से शुद्ध पेय जल हेतु वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने, पुस्तकालय में सभी विषयों की पर्याप्त पुस्तकें व संदर्भ ग्रन्थ उपलब्धता को सुनिश्चित करने, क्रीड़ा सम्बन्धी सुविधाएं इत्यादि के बारे में बात की।

इसके उपरांत महामंत्री पद के लिए सुश्री प्रियंका गुप्ता, पुस्तकालय मंत्री पद के लिए सुमित चौरसिया एवं विवेक कुमार मौर्या ने विद्यार्थियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डा. सलिल कुमार पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में छात्रसंघ प्रभारी अनूप पाण्डेय सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 2
गोरखपुर, 2 सितंबर, 2024
www.jagran.com

# वंशदीप अध्यक्ष, प्रियंका चुनी गईं महामंत्री

## स्वदेशी साफ्टवेयर में आनलाइन मोड में हुआ एमपी पीजी कालेज का छात्रसंघ चुनाव

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में आयोजित छात्रसंघ चुनाव शनिवार की देर रात सम्पन्न हो गया। स्वदेशी साफ्टवेयर की मदद से हुए आनलाइन मतदान के मात्र दो घंटे बाद ही कालेज प्रबंधन ने वेबसाइट पर परिणाम जारी कर दिया। अकेले प्रत्याशी होने के चलते वंशदीप राय निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वहीं आनलाइन मतदान के जरिये वोट के आधार पर प्रियंका गुप्ता को महामंत्री और सुमित चौरसिया को पुस्तकालय मंत्री चुना गया।

छात्रसंघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया दो दिन में सम्पन्न करायी गयी। शुक्रवार को कक्षा संचालन के साथ ही मासिक मूल्यांकन के माध्यम से कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। अगले दिन शनिवार को भी कक्षा संचालन के साथ ही पर्चा वापसी और जांच के बाद प्रत्याशियों का योग्यता भाषण हुआ। शाम छह बजे से रात्रि नौ बजे तक विद्यार्थी मतदाताओं ने साफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रात 11 बजे महाविद्यालय के वेबसाइट पर चुनाव परिणाम जारी कर दिया गया।

निर्वाचन अधिकारी डा. राव ने बताया कि महामंत्री पद पर प्रियंका गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंद्वी शैलेश आनन्द को 152 मतों से पराजित किया। प्रियंका को 345 मत तथा शैलेश को 193 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय मंत्री पद पर सुमित चौरसिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी विवेक कुमार मौर्य को 112 मतों से हराया।

सुमित को 325 और विवेक को 213 मत हासिल हुए। 47 मतदाता विद्यार्थियों ने दोनों पदों पर नोटा का विकल्प चुना। उपाध्यक्ष पद पर एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध होने के कारण निरस्त कर दिया गया।

इस पद पर अब तीन सितंबर को चुनाव होगा। डा. राव ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और उनसे कालेज के शिक्षण व प्रबंधन कार्य में सहयोग की उम्मीद की है।



महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ • जागरण



वंशदीप राय



प्रियंका गुप्ता



सुमित चौरसिया

हिन्दुस्तान
गोरखपुर
सोमवार
2 सितंबर 2024
05

# प्रियंका महामंत्री, सुमित पुस्तकालय मंत्री बने

**एमपी-पीजी**



वंशदीप रॉय, अध्यक्ष।



प्रियंका गुप्ता, महामंत्री।



सुमित चौरसिया, पुस्तकालय मंत्री।

गोरखपुर, निज संवाददाता। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शनिवार को शाम ऑनलाइन हुए छात्र संघ चुनाव के नतीजे आ गए हैं। वंशदीप रॉय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। प्रियंका गुप्ता महामंत्री और सुमित चौरसिया पुस्तकालय मंत्री निर्वाचित हुए हैं।

छात्र संघ चुनाव में कुल 538 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महामंत्री पद पर प्रियंका गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेश आनन्द को 152 मतों से पराजित किया। प्रियंका गुप्ता को 345 तथा शैलेश आनन्द को 193 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय मंत्री पद पर सुमित चौरसिया अपने प्रतिद्वन्दी विवेक कुमार मौर्या से 112 मतों से विजयी घोषित हुए। सुमित को 325 मत प्राप्त हुए, वहीं विवेक को 213 मत हासिल हुए। उपाध्यक्ष पद पर एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध होने के कारण निरस्त हो गया था। इस पद पर मतदान 3 सितम्बर को होगा।

प्राचार्य एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार राव ने विजित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी हैं।

कॉलेज में शनिवार को शाम 6 से रात 9 बजे तक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किए गए पूर्णतः स्वदेशी साफ्टवेयर से विद्यार्थी मतदाताओं ने ऑनलाइन मतदान किया। voting.mgug.ac.in नामक यह सॉफ्टवेयर देश में शिक्षण संस्थानों के छात्र संघ चुनाव के लिए बनाया गया पहला सॉफ्टवेयर है। इससे पूर्व कोरोना काल में भी कॉलेज ने ऑनलाइन पढ़ाई के साथ ऑनलाइन छात्र संघ चुनाव करा कर एक नजीर पेश किया था।




गोरखपुर । सोमवार • 9 सितम्बर • 2024 राष्ट्रीय सहारा

## विश्व में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है भारत

**महाराणा प्रताप महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी**

गोरखपुर (एसएनबी)। गोविवि के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा. महेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत ने अपने विदेश नीति को बहुस्तरीय बनाया है। हम अपने विदेश नीति को किसी के दबाव में नहीं आकर स्वतंत्र रूप से संचालित करते है। भारत ने अपने विदेश नीति को नैतिक मूल्यों पर आधारित कर 2014 के पश्चात विश्व पटल पर अपनी एक पहचान बनायी है।

डा. सिंह रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम 2019 से अब तक' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के तृतीय तकनीकी सत्र में बतौर सत्र अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है जो भारत की सफल विदेश नीति की देन है। कपिलवस्तु के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डा. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी देश की नीति के दो आयाम होते है घरेलू एवं विदेश नीति। यदि किसी देश की घरेलू नीति सफल होती है तो विदेश नीति भी निशिचत रूप से सशक्त होगी। डा. सिंह ने कहा कि भारत मानवता के आधार पर भी विदेश नीति का संचालन करता है। डा. संजय तिवारी ने कहा कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्रता प्राप्ति से आज तक ज्ञान प्रणाली पर अवलम्बित है। भारत की विदेश नीति लोक कल्याण पर भी बल देती है। तृतीय तकनीकी सत्र में भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम से सम्बन्धित कई शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।



आज गोरखपुर, शुक्रवार २० सितम्बर २०२४ ४

## डीवीएनपीजी को १२-० से हराकर सेण्ट एण्ड्रयूज अगले दौर में

गोरखपुर, 19 सितम्बर। सेन्ट एण्ड्रयूज कॉलेज इस वर्ष अपना 125वाँ वर्षगांठ मना रहा है। इस उपलक्ष्य में अन्तर्महाविद्यालयीय विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रातः 11 बजे फुटबॉल ग्राउण्ड पर अन्तर्महाविद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो सी वी मैनुअल द्वारा किया गया मीडिया प्रभारी प्रो. सुशील कुमार राय ने बताया कि उद्घाटन मैच सेंट एंड्रयूज कॉलेज और दिग्विजय नाथ डिग्री कॉलेज के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में सेंट एंड्रयूज कॉलेज ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए दिग्विजय नाथ कॉलेज को 12-0 के अन्तर से पराजित किया। सेंट एंड्रयूज कॉलेज की तरफ से अक्षत मसीह ने 4, अभिषेक, मो वैस और विवेक ने 2-2 तथा अमन स्वर्, सचिन ने 1-1 गोल किया। दिग्विजय नाथ कॉलेज की तरफ से राहुल सिंह, अविनाश शुक्ला, सुनिल और रितेश ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह का दूसरा मैच दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर और एमपी कॉलेज, जंगल धूसड़ के बीच खेला गया। जिसमें वि वि की टीम ने एम पी कॉलेज जंगल धूसड़ को 5-0 के अन्तर से पराजित किया। वि वि की तरफ से विनय विश्वकर्मा ने 3 गोल और विवेक पासवान ने 2 गोल किया। एम पी कॉलेज जंगल धूसड़ की तरफ से युवराज, सचिन, राहुल और सत्यम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। आज की मैच शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो वीरेन्द्र नारायण राय और डॉ विनायक केन्द्रों की देख-रेख में सकुशल सम्पन्न हुआ। मैच रेफरी के रूप में संजय सहनी, विकास कुमार, जी पासवान और महताब अहमद ने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की उपस्थित रही। कल का मैच वि वि और दिग्विजय नाथ कॉलेज के बीच सुबह 11 बजे से खेला जायेगा।

### बैठक २४ को

गोरखपुर, 19 सितम्बर। आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती समारोह के अवसर पर कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 सितम्बर को अपराह्न 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार (नवीन स्वागत कक्ष भवन) में आहूत है।

अमर उजाला | गोरखपुर | रविवार, 22 सितंबर 2024 | 4

# सहज के लिए सरल व धर्म विरोधियों के लिए वज्र जैसे थे महंत अवेद्यनाथ

महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साफा रूपी पगड़ी पहनाते जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य।



महंत अवेद्यनाथ।

पीढ़ियों के भविष्य निर्माण से जुड़ी है गोरक्षपीठ

मुख्यमंत्री एवं मंचासीन अतिथियों ने महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका 'विमर्श' का विमोचन किया।

योगी में विराजमान हैं दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ की तप साधना

राजनीति को अपने रंग में रंग देता है संत : डॉ. रामकमल वेदांती

सबके आदरणीय और प्रिय थे महंत अवेद्यनाथ : कमलेश पासवान



गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान बच्चों को चॉकलेट देकर दुलारते सीएम योगी आदित्यनाथ।

---

amarujala.com

गोरखपुर | शुक्रवार, 13 सितंबर 2024 | 6

# 'भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के ध्वजवाहक थे डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी'

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि ब्रिटिश इतिहासकारों ने भारत के वास्तविक इतिहास को मिथ्या, अंधकार, अज्ञानपूर्ण, अवैज्ञानिक व अतार्किक बताकर भारतीयों के अंतःकरण में एहसास -ए- कमतरी का भाव भरा। ऐसे में डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी ने अपने वैज्ञानिक एवं तर्कपूर्ण निष्कर्षों से न सिर्फ औपनिवेशिक विचारधाराओं एवं सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाई, बल्कि राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की ओर विद्वानों का ध्यानाकर्षण भी किया।

वे बृहस्पतिवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा "प्राचीन भारतीय इतिहास के मर्मज्ञ विद्वान : डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी" विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान के दौरान अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह ने किया। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के प्राचीन इतिहास विभाग की ओर से देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी इतिहासकार प्रो. सतीशचन्द्र मित्तल को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संवाद

---

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, रविवार, 22 सितंबर 2024 | 04



ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा में पत्रिका का विमोचन करते सीएम योगी आदित्यनाथ व संतगण। • हिन्दुस्तान

# एमपीपीजी कॉलेज की पत्रिका 'विमर्श' का हुआ विमोचन

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल भूषण के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यस्मृति को समर्पित महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिका 'विमर्श' का विमोचन मुख्यमंत्री एवं मंचासीन अतिथियों ने किया। सरस्वती वंदना, गुरु महिमा तथा श्रद्धांजलि गीत महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज रमदत्तपुर की छात्राओं ने, वैदिक मंगलाचरण डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्षाष्टक पाठ गौरव तिवारी एवं आदित्य पांडेय, महंत अवेद्यनाथ स्तोत्रपाठ डॉ. प्रागेश मिश्र ने प्रस्तुत किया जबकि संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया।

5 गोरखपुर। सोमवार • 2 सितम्बर • 2024 राष्ट्रीय सहारा

# वंशदीप अध्यक्ष, प्रियंका महामंत्री निर्वाचित

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कालेज) जंगल धूसड़ में नवाचार के सफल प्रयोग से आनलाइन हुए छात्रसंघ चुनाव का परिणाम मतदान समाप्त होने के दो घंटे बाद ही कालेज की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया। छात्रसंघ चुनाव में जहां वंशदीप राय निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए तो वहीं अनलाइन मतदान में प्रियंका गुप्ता को महामंत्री और सुमित चौरसिया को पुस्तकालय मंत्री चुना गया।

■ पूर्णतः स्वदेशी सफ्टवेयर से आनलाइन मोड पर हुआ एमपीपीजी कालेज का छात्रसंघ चुनाव

एमपीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की आईटी टीम द्वारा विकसित पूर्णतः स्वदेशी साफ्टवेयर से कराया गया। यह साफ्टवेयर देश में शिक्षण संस्थानों के छात्र संघ चुनाव के लिए बनाया गया पहला साफ्टवेयर है। इससे पूर्व कोरोना काल में जब पूरे देश में शैक्षिक गतिविधियों पर बुरा प्रभाव था तब भी इस महाविद्यालय में आनलाइन पढ़ाई के साथ आनलाइन छात्र संघ चुनाव करा कर एक नजीर पेश किया था। छात्रसंघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया दो दिन में सम्पन्न करायी गयी। शुक्रवार को कक्षा संचालन के साथ ही मासिक मूल्यांकन के माध्यम से कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। अगले दिन शनिवार को भी कक्षा संचालन के साथ ही पर्चा वापसी और जांच के बाद प्रत्याशियों का योग्यता भाषण हुआ। सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक विद्यार्थी मतदाताओं ने साफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रात्रि 11 बजे महाविद्यालय के वेबसाइट पर चुनाव परिणाम जारी कर दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खास चौराहे से पूरब रोड पर एक स्कूटी पर सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर गिर गए जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवकों के सिर पर गम्भीर चोट लगी है जिसमें से दो युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को मुंडेरा बाजार चौरी चौरा अस्पताल ले गयी। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

---

amarujala.com

गोरखपुर | रविवार, 22 सितंबर 2024 9

## सेडिका ने एमपी कॉलेज को हराया

गोरखपुर। सेंट एंड्रयूज कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित अंतर महाविद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को चौथा मैच सेंट एंड्रयूज कॉलेज (सेडिका) और एमपी कॉलेज, जंगल धूसड़ के बीच खेला गया। इसमें सेंट एंड्रयूज कॉलेज ने 4-1 से जीत दर्ज की। मीडिया प्रभारी प्रो. सुशील कुमार राय ने बताया कि सेडिका की तरफ से सत्यम, अक्षत, अभिषेक एवं मोहम्मद ने 1-1 गोल किए। एमपी कॉलेज की ओर से गोल कृष्णा शर्मा ने किया। संवाद

---

अमर उजाला

गोरखपुर | बुधवार, 25 सितंबर 2024 8

## एनएसएस स्वयंसेवकों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान'

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ के एनएसएस की ओर से मंगलवार को रासेयो स्थापना दिवस पर साइकिल रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के रासेयो के समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस के स्वयंसेवकों का अहम योगदान है। अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष नंदन शर्मा ने की। इस अवसर पर डॉ. आरती सिंह, डॉ. अखिलेश गुप्त, डॉ. मंजेश्वर आदि मौजूद रहे। संवाद

---

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, बुधवार, 25 सितंबर 2024 05

## रासेयो स्वयंसेवकों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान

गोरखपुर। एमपी पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ के एनएसएस द्वारा मंगलवार को रासेयो स्थापना दिवस पर साइकिल रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। डीडीयू के रासेयो के समन्वयक डॉ सत्यपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस के स्वयंसेवकों का अहम योगदान है। अध्यक्षता नन्दन शर्मा ने की।

---

दैनिक जागरण 9
गोरखपुर, 1 सितंबर, 2024
www.jagran.com

युवा जागरण

43 वां दीक्षा समारोह आयोजित हुआ-महाराणा प्रताप पीजी कालेज में, परिसर में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया.

## वंशदीप निर्विरोध अध्यक्ष, महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री के लिए आनलाइन मतदान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की ओर से तैयार स्वदेशी साफ्टवेयर' के इस्तेमाल से शनिवार को महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में छात्रसंघ चुनाव के लिए शाम छह बजे शुरू हुआ आनलाइन मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात नौ बजे सम्पन्न हो गया। अब परिणाम का इंतजार है। अध्यक्ष पद के एकमात्र प्रत्याशी वंशदीप राय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री पद पर दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं।

- उपाध्यक्ष पद का एकल पर्चा खारिज, महामंत्री व पुस्तकालय मंत्री के लिए दो प्रत्याशी मैदान में
- मतदान से पहले योग्यता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्याशियों ने दिखाया दमखम

मतदान से पहले शनिवार की दोपहर में योग्यता भाषण प्रक्रिया चली, जिसमें प्रत्याशियों ने अपना दमखम दिखाया और पक्ष में मतदान के लिए विद्यार्थियों का दिल जीतने की कोशिश की। भाषण के दौरान प्रत्याशियों ने महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ पठन-पाठन हेतु उत्तम व्यवस्था के लिए संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि छात्रसंघ वही बेहतर होगा, जो कालेज की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेगा और इस दिशा में निरंतर प्रयास करता रहेगा। किसी ने स्मार्ट क्लास की संख्या में बढ़ोतरी कराने का दावा किया तो किसी ने कैंटीन के अधिक सुव्यवस्थित संचालन की बात कही। वाटर कूलर की संख्या बढ़ाए जाने, पुस्तकालय में अधिक से अधिक अद्यतन किताबें उपलब्ध कराने और कालेज की ई-लाइब्रेरी की उपयोगिता बढ़ाए जाने पर भी प्रत्याशियों ने चर्चा की। योग्यता भाषण कार्यक्रम का संचालन डा.सलिल ने किया। निर्धारित समय के भीतर किसी प्रत्याशी ने पर्चा वापस नहीं लिया। ऐसे में चुनाव अधिकारी डा. प्रदीप कुमार राव ने प्रत्याशियों के सभी पर्चों की जांच की। उपाध्यक्ष पद के एकल प्रत्याशी का पर्चा अवैध पाया गया उसे निरस्त किया गया। इस पद के लिए पुनर्मतदान तीन सितंबर को होगा।

### गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता दीपचंद एवं कमलेश साहनी का सम्मान

महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ के परास्नातक भूगोल विषय के दीपचन्द एवं परास्नातक प्राचीन इतिहास विभाग के कमलेश साहनी को गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षा समारोह के मंच से शुक्रवार को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इससे उत्साहित कालेज प्रबंधन ने शनिवार को परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें पुरातन छात्र परिषद प्रभारी डा.शिव कुमार बर्नवाल ने दोनों मेधावियों को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज में पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र के एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

## जंगल धूसड, गोरखपुर